# UGC NET PAPER 3 DECEMBER 28, 2014 SHIFT 1 HISTORY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** In 2001 was found a complete fossilized human baby skull from

(A) Bhimbetka (B) Damdama

(C) Hathnora (D) Odai

**2.** Which of the following sites has yielded an ivory pendant from the microlithic context ?

(A) Bagor (B) Damdama

(C) Mahadaha (D) Sarai Nahar Rai

**3.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** Plough based agriculture was known to the Harappans.

**Reason (R) :** A terracotta model of plough was found in the mature Harappan level at Banawali.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**4.** As the available evidence (e.g. metallic implements for cutting seals) clearly shows, one of the following sites was a major centre of production for Harappan seals.

(A) Balakot (B) Chanhudaro

(C) Kot Diji (D) Lothal

**5.** Which of the following Vedic rivers have been located in Afghanistan ?

1. Asikni 2. Kubha

3. Kramu 4. Sutudri

Select the correct answer from the code below :

(A) 1 and 2 (B) 2 and 3

(C) 3 and 4 (D) 1, 2, 3 and 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

**सूचना :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** 2001 में कहाँ पर एक पूरा अश्मीकृत मानव शिशु-कपाल प्राप्त हुआ था ?

(A) भीमबैठका  (B) दमदमा

(C) हथनोरा  (D) ओदै

**2.** निम्नलिखित किस स्थल से लघुपाषाणिक संदर्भ में एक हाथीदाँत का लटकन प्राप्त हुआ था ?

(A) बागौर  (B) दमदमा

(C) महदहा  (D) सराय नाहर राय

**3.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :

**कथन (A) :** हड़प्पा संस्कृति के लोगों को हल आधारित कृषि का ज्ञान था ।

**कारण (R) :** बणावली में प्रौढ़ हड़प्पा स्तर से हल का पकी मिट्टी का एक नमूना प्राप्त हुआ था ।

उपर्युक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन एक सही है ?

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

**4.** जैसा कि प्राप्त साक्ष्य (उदाहरणार्थ, मुहरें काटने के लिए धातु के उपकरण) से प्रकट होता है, निम्नलिखित एक स्थल हड़प्पीय मुहरों के निर्माण का प्रमुख केन्द्र था

(A) बालाकोट  (B) चन्हूदड़ो

(C) कोटदीजी  (D) लोथल

**5.** निम्नलिखित में से किन वैदिक नदियों के स्थान अफगानिस्तान में निर्धारित किये गये हैं ?

1. आस्किनी  2. कुभा

3. क्रमु  4. शुतुद्री

नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 एवं 2  (B) 2 एवं 3

(C) 3 एवं 4  (D) 1, 2, 3 एवं 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

**6.** During the post-Vedic period the annual rate of interest as mentioned by Gautama and Baudhyana was

(A) 10 % (B) 12 %

(C) 15 % (D) 20 %

**7.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** Gautama Buddha stayed in maximum number of rainy seasons at Sravasti, one of the chief cities of Kosala.

**Reason (R) :** Gautama Buddha and Prasenajit, the ruler of Kosala were of the same age.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

Prepp Your Personal Exam Guide

**8.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Mahavira | 1. Antelope |
| b. Mallinatha | 2. Lion |
| c. Parsvanatha | 3. Serpent |
| d. Santinatha | 4. Water Jar |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**6.** जैसा कि गौतम एवं बौधायन ने उल्लेख किया है, वैदिकोत्तर काल में वार्षिक ब्याज की दर थी

(A) 10 % (B) 12 %

(C) 15 % (D) 20 %

**7.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :

**कथन (A) :** गौतम बुद्ध ने अधिक संख्या में वर्षावास श्रावस्ती में बिताये जो कोशल का एक प्रमुख नगर था ।

**कारण (R) :** गौतम बुद्ध और कोशल के राजा प्रसेनजित एक आयु के थे ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन-सा एक सही है ?

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

**8.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. महावीर | 1. मृग |
| b. मल्लिनाथ | 2. सिंह |
| c. पार्श्वनाथ | 3. सर्प |
| d. शान्तिनाथ | 4. जल-कलश |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** The original work of Megasthenes is lost and we learn about his observations from the quotations given by some later Greek writers, such as

1. Arrian
2. Diodoras
3. Justin
4. Plutarch
5. Strabo

Select the correct answer from the code below :

(A) 1 and 3
(B) 1, 2 and 4
(C) 3, 4 and 5
(D) 1, 2, 3, 4 and 5

**10.** Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Charsada – Pushkalavati
(B) Sirkap – Takshasila
(C) Nagarjuna Konda – Dhanyakataka
(D) Tamluk – Tamralipti

**11.** Which of the following were the chief towns and ports of the Pandyas of the Sangam age ?

1. Korkai
2. Madurai
3. Puhar
4. Uraiyur

Select the correct answer from the code below :

**Codes :**

(A) 1 and 2
(B) 2 and 3
(C) 1, 2 and 3
(D) 2, 3 and 4

**12.** The depiction of deities on the reverse corresponding to the name of the rulers on the obverse is the characteristic feature of the coins of

(A) Ayodhya
(B) Kausambi
(C) Padmavati
(D) Panchala

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** मेगस्थनीज का मूल ग्रंथ लुप्त हो गया है और उसके विवरणों की जानकारी हमें कुछ परवर्ती यूनानी लेखकों द्वारा दिए गए उद्धरणों से मिलती है, यथा

1. एरियन
2. डायडोरस
3. जस्टिन
4. प्लूटार्क
5. स्ट्रेबो

नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 एवं 3
(B) 1, 2 एवं 4
(C) 3, 4 एवं 5
(D) 1, 2, 3, 4 एवं 5

**10.** निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) चरसदा – पुष्कलावती
(B) सिरकप – तक्षशिला
(C) नागार्जुनकोंड – धान्यकटक
(D) तामलुक – ताम्रलिप्ति

**11.** निम्नलिखित में से कौन संगमकालीन पांड्यों के प्रमुख नगर एवं पत्तन थे ?

1. कोरकै
2. मदुरै
3. पुहार
4. उरैयूर

नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) 1 एवं 2
(B) 2 एवं 3
(C) 1, 2 एवं 3
(D) 2, 3 एवं 4

**12.** पूर्व भाग पर दिये गये राजा के नाम के अनुरूप देवता का पृष्ठ भाग पर अंकन कहाँ के सिक्कों का विशेष लक्षण था ?

(A) अयोध्या
(B) कौशाम्बी
(C) पद्मावती
(D) पांचाल

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** Kushan dynastic sanctums, where statues of Kushan rulers were established, were discovered at

| | |
|---|---|
| 1. Mat | 2. Jalandhar |
| 3. Kara-tepe | 4. Surkh-Kotal |

Select the correct answer from the codes below :

**Codes :**

| | |
|---|---|
| (A) 1 and 2 | (B) 2 and 3 |
| (C) 1 and 4 | (D) 3 and 4 |

**14.** Which one of the following pairs is not correctly matched ?

| **(Rulers defeated by Samudragupta)** | | **(Kingdoms)** |
|---|---|---|
| (A) Mahendragiri | – | Pishtapura |
| (B) Mantaraja | – | Erandapalla |
| (C) Vishnugopa | – | Kanchi |
| (D) Vyaghraraja | – | Mahakantara |

**15.** Which of the following Tirthankara images were got fashioned by Maharajadhiraja Ramagupta ?

| | |
|---|---|
| 1. Mahavira | 2. Parsvanatha |
| 3. Chandraprabha | 4. Pushpadanta |

Select the correct answer from the codes below :

| | |
|---|---|
| (A) 1 and 2 | (B) 3 and 4 |
| (C) 1, 2 and 3 | (D) 2, 3 and 4 |

**16.** An inscription of Kumaragupta from Sarnath is dated in the year 154. Which among the following is its corresponding year ?

| | |
|---|---|
| (A) A.D. 211 | (B) A.D. 232 |
| (C) A.D. 394 | (D) A.D. 473 |

**17.** Bhinamala is known as a birth place of the famous astronomer

| | |
|---|---|
| (A) Aryabhatta | (B) Bhaskaracharya |
| (C) Brahmagupta | (D) Varahamihira |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** कुषाण वंश के देवकुल, जहाँ कुषाण राजाओं की मूर्तियाँ प्रतिष्ठापित की गई थीं, कहाँ प्राप्त हुए हैं ?

1. माट
2. जालंधर
3. करा-तेपे
4. सुर्ख-कोटल

नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) 1 एवं 2
(B) 2 एवं 3
(C) 1 एवं 4
(D) 3 एवं 4

**14.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| **(समुद्रगुप्त द्वारा पराजित राजा)** | | **(राज्य)** |
|---|---|---|
| (A) महेन्द्रगिरि | – | पिष्टपुर |
| (B) मंटराज | – | एरण्डपल्ल |
| (C) विष्णुगोप | – | कांची |
| (D) व्याघ्रराज | – | महाकान्तार |

**15.** महाराजाधिराज रामगुप्त ने निम्नलिखित में से किन तीर्थंकरों की प्रतिमायें बनवायीं थी ?

1. महावीर
2. पार्श्वनाथ
3. चन्द्रप्रभ
4. पुष्पदन्त

नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 एवं 2
(B) 3 एवं 4
(C) 1, 2 एवं 3
(D) 2, 3 एवं 4

**16.** सारनाथ से प्राप्त कुमारगुप्त के लेख की तिथि वर्ष 154 है । निम्नलिखित में से कौन इसका समान वर्ष है ?

(A) 211 ई.
(B) 232 ई.
(C) 394 ई.
(D) 473 ई.

**17.** भीनमाल किस खगोलविद् के जन्म स्थान के रूप में जाना जाता है ?

(A) आर्यभट्ट
(B) भास्कराचार्य
(C) ब्रह्मगुप्त
(D) वराहमिहिर

Prepp
Your Personal Exams Guide

**18.** Match List – I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists :

| List – I (Texts) | List – II (Subjects) |
|---|---|
| a. Brihajjataka | 1. Architecture |
| b. Dasarupaka | 2. Astrology |
| c. Lilavati | 3. Dramaturgy |
| d. Manasara | 4. Mathematics |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**19.** Which one of the following is an example of rockcut temple architecture ?

(A) Kailasanatha Temple at Kanchi
(B) Rajaraja Temple, Thanjavur
(C) Kailasa Temple, Ellora
(D) Jagannatha Temple, Puri

**20.** Arrange the following Dharmasastra writers in a chronological order beginning with the earliest :

1. Chandesvara
2. Hemadri
3. Lakshmidhara
4. Mitramisra

Choose the correct answer from the codes below :

**Codes :**

(A) 1, 4, 3, 2
(B) 2, 1, 4, 3
(C) 3, 2, 1, 4
(D) 4, 3, 2, 1

**21.** Lokamahadevi, senior queen of Vikramaditya II in commemoration of his three victories over the Pallavas of Kanchi, built

(A) Kailasnatha Temple at Kanchi
(B) Kont-Gudi Temple at Aihole
(C) Sangamesvara Temple at Pattadakal
(D) Virupaksha Temple at Pattadakal

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**18.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (ग्रंथ)** | **सूची – II (विषय)** |
|---|---|
| a. बृहज्जातक | 1. वास्तुशिल्प |
| b. दशरूपक | 2. ज्योतिष |
| c. लीलावती | 3. नाट्य शास्त्र |
| d. मानसार | 4. गणित |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**19.** निम्नलिखित में से कौन सा शैलकृत्त मन्दिर स्थापत्य का एक उदाहरण है ?

(A) कांची का कैलासनाथ मन्दिर
(B) तंजावुर का राजराज मन्दिर
(C) एलोरा का कैलास मन्दिर
(D) पुरी का जगन्नाथ मन्दिर

**20.** पूर्वतम से आरम्भ करके निम्नलिखित धर्मशास्त्र लेखकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

1. चंडेश्वर
2. हेमाद्रि
3. लक्ष्मीधर
4. मित्रमिश्र

नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) 1, 4, 3, 2
(B) 2, 1, 4, 3
(C) 3, 2, 1, 4
(D) 4, 3, 2, 1

**21.** विक्रमादित्य II की बड़ी रानी लोकमहादेवी ने कांची के पल्लवों पर राजा की तीन विजयों की स्मृति में किस मन्दिर का निर्माण करवाया था ?

(A) कांची का कैलासनाथ मन्दिर
(B) ऐहोल का कोन्त गुडी मन्दिर
(C) पट्टदकल का संगमेश्वर मन्दिर
(D) पट्टदकल का विरूपाक्ष मन्दिर

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** Who among the following Chola rulers started the practice of prefixing 'historical introduction' to royal inscriptions ?

(A) Sundara Chola (B) Uttama Chola

(C) Rajaraja (D) Rajendra

**23.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** Nanadesis, a great trading corporation claimed to have wandered over different lands.

**Reason (R) :** We learn from an inscription of Pagan that Nanadesis had founded a Vishnu temple in that distant city of Upper Burma.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both(A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**24.** Sugandhadevi, who issued coins with the figure of seated Lakshmi, was a queen of

(A) Karnataka (B) Saurashtra

(C) Gauda (D) Kashmir

**25.** The ruler of Suvarnabhumi, who founded a Buddhist monastery at Nalanda and requested Devapala through his ambassador to grant five villages for its upkeep, was

(A) Dharanindra (B) Sangramadhananjaya

(C) Balaputradeva (D) Chudamanivarman

**26.** Which one of the following is not correctly matched ?

| | **Author** | | **Text** |
|---|---|---|---|
| (A) | Sharangadeva | – | Samgita ratnakara |
| (B) | Damodara | – | Samgita darpana |
| (C) | Anonymous | – | Ghunyat'ul Munya |
| (D) | Banarasidas | – | Hitopadesha |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** निम्नलिखित चोल शासकों में से किसने राजकीय अभिलेखों के आरम्भ में 'ऐतिहासिक भूमिका' देने की प्रथा चलाई ?

(A) सुन्दर चोल (B) उत्तम चोल

(C) राजराज (D) राजेन्द्र

**23.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :

**कथन (A) :** नानादेशी समुदाय, जो एक बड़ा व्यापारिक संघ था, विभिन्न देशों में भ्रमण करने का दावा करता था ।

**कारण (R) :** पगान से प्राप्त एक अभिलेख से विदित होता है कि नानादेशी समुदाय ने उत्तर बर्मा के उस दूरस्थ नगर में एक विष्णु मन्दिर की स्थापना की थी ।

उपर्युक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा एक सही है ?

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

**24.** सुगन्धादेवी, जिसने आसीन लक्ष्मी की आकृति से युक्त सिक्के चलाये, कहाँ की रानी थी ?

(A) कर्नाटक (B) सौराष्ट्र

(C) गौड (D) कश्मीर

**25.** सुवर्णभूमि का वह राजा कौन था जिसने नालन्दा में एक बौद्ध विहार की स्थापना की तथा उसके रखरखाव हेतु अपने दूत द्वारा देवपाल से पाँच गाँव दान में देने के लिए प्रार्थना की ?

(A) धरणीन्द्र (B) संग्रामधनंजय

(C) बालपुत्रदेव (D) चूड़ामणिवर्मन्

**26.** निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

| | **लेखक** | | **रचना** |
|---|---|---|---|
| (A) | शारंगदेव | – | संगीत रत्नाकर |
| (B) | दामोदर | – | संगीत दर्पण |
| (C) | अज्ञात | – | गुनियात उल मुन्या |
| (D) | बनारसीदास | – | हितोपदेश |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** Firdausi, the author of Shah Namah, was the poet-laureate in the court of

(A) Mahmud Ghaznavi
(B) Muhammad Ghori
(C) Qutbuddin Aibak
(D) Iltutmish

**28.** Amuktamalyada of Krishnadeva Rai of Vijayanagar Empire literally means :

(A) Garland of gold
(B) Garland of silver
(C) Garland of pearls
(D) Garland of flowers

**29.** The Qur Khanah means :

(A) The imperial armoury
(B) The royal stable
(C) The royal kitchen
(D) The hunting ground

**30.** Diwan-i-amir-i-Kohi, a separate department to improve cultivation was set up by

(A) Ghiyas-ud-din Khilji
(B) Alauddin Khilji
(C) Muhammad-bin-Tughlaq
(D) Firoze Shah Tughlaq

**31.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Measures of expansion and centralization continued under Alauddin Khilji's successors.

**Reason (R) :** Bengal was re-annexed (1324) and the area of direct control extended almost to the extreme southern point of Indian peninsula under Ghiyasuddin Tughlaq and Muhammad-bin-Tughlaq.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**32.** Select the correct chronological order of succession of the Saiyyid Sultans to the throne of Delhi mentioned below :

(A) Khizr Khan – Muhammad Shah – Mubarak Shah – Alauddin Shah
(B) Khizr Khan – Mubarak Shah – Muhammad Shah – Alauddin Shah
(C) Mubarak Shah – Khizr Khan – Alauddin Shah – Muhammad Shah
(D) Alauddin Shah – Muhammad Shah – Khizr Khan – Mubarak Shah

27. शाहनामा का लेखक फिरदौसी निम्नलिखित में से किसके दरबार का राजकवि था ?

(A) महमूद ग़ज़नवी
(B) मुहम्मद गोरी
(C) कुतुबुद्दीन ऐबक
(D) इल्तुतमिश

28. विजयनगर साम्राज्य के शासक कृष्णदेव राय की अमुक्तमाल्यद का शाब्दिक अर्थ है :

(A) सोने की माला
(B) चाँदी की माला
(C) मोतियों की माला
(D) फूलों की माला

29. क़ूर ख़ाना का अभिप्राय है :

(A) शाही शस्त्रागार
(B) शाही घुड़साल
(C) शाही रसोईघर
(D) शिकार गाह

30. खेती में सुधार के लिए दीवान-ए अमीर-ए कोही नामक एक अलग विभाग की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी ?

(A) ग़यासुद्दीन खिलजी
(B) अलाऊद्दीन खिलजी
(C) मुहम्मद बिन तुग़लक
(D) फिरोज़शाह तुग़लक

31. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है :

**अभिकथन (A) :** अलाऊद्दीन खिलजी के उत्तराधिकारियों के अन्तर्गत विस्तार एवं केन्द्रीकरण की नीति जारी रही ।

**तर्क (R) :** बंगाल को 1324 में पुनर्विजित किया गया तथा ग़यासुद्दीन तुग़लक एवं मुहम्मद बिन तुग़लक के काल में भारतीय प्रायदीप के लगभग सुदूर दक्षिणी बिंदु तक प्रत्यक्ष नियन्त्रण हो चुका था ।

उपर्युक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, किन्तु (R) ग़लत है ।
(D) (A) ग़लत है, किन्तु (R) सही है ।

32. दिल्ली की गद्दी पर सैयद सुल्तानों के उत्तराधिकार के निम्नलिखित सही काल-क्रम को चिन्हित कीजिए ।

(A) ख़िज़्र ख़ान – मुहम्मद शाह – मुबारक शाह – अलाऊद्दीन शाह
(B) ख़िज़्र ख़ान – मुबारक शाह – मुहम्मद शाह – अलाऊद्दीन शाह
(C) मुबारक शाह – ख़िज़्र ख़ान – अलाऊद्दीन शाह – मुहम्मद शाह
(D) अलाऊद्दीन शाह – मुहम्मद शाह – ख़िज़्र ख़ान – मुबारक शाह

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** Sultan Firoze Shah Tughlaq was supposed to possess 1,80,000 slaves. Out of these how many worked as artisans ?

(A) 11,000 (B) 12,000

(C) 13,000 (D) 14,000

**34.** Nānkar was an allowance or perquisite made to

(A) Jagirdar (B) Amin

(C) Zamindar (D) Patwari

**35.** Which of the following statements is not correct concerning Bahlol Lodhi ?

(A) He shattered completely the power of the Sharqis of Jaunpur.

(B) In his long reign of thirty-eight years, he carried out many experiments in the sphere of civil administration.

(C) He continued the administrative institutions of the Delhi Sultanate as he had inherited them from the Saiyyid Sultans.

(D) The introduction of the coin Bahloli is considered as an important measure in the numismatic history of Delhi Sultanate.

**36.** Which one of the following is wrongly matched ?

(A) Qasba – Small town

(B) Ijara – Land out of cultivation

(C) Shroff – Money changer

(D) Zimmi – Protected non-Muslim

**37.** Which one of the following is wrongly matched ?

(A) S. Arasratnam – *Maritime India in the Seventeenth Century*

(B) Om Prakash – *The Dutch East India Company and the Economy of Bengal*

(C) K.N. Chaudhuri – *Indian Merchants and Eurasian Trade*

(D) K.S. Mathew – *Portuguese Trade with India in the Sixteenth Century*

**38.** Name Babur's maternal grandmother, the wife of Yunus Khan Mughal, who after the death of Babur's father managed everything for her grandson and dealt with conspirators :

(A) Qutlugh Nigar Begum (B) Isan Daulat Begum

(C) Dildar Begum (D) Mubarika Begum

**33.** सुल्तान फिरोज़शाह तुग़लक के पास सम्भवत: 1,80,000 दास थे । इनमें से कितने दास शिल्पियों के रूप में कार्य करते थे ?

(A) 11,000 (B) 12,000

(C) 13,000 (D) 14,000

**34.** नानकर एक भत्ते अथवा अतिरिक्त लाभ के रूप में किसे दिया जाता था ?

(A) जागीरदार (B) अमीन

(C) ज़मींदार (D) पटवारी

**35.** बहलोल लोधी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) उसने जौनपुर के शर्की सुल्तानों की ताकत को पूरी तरह से नष्ट कर दिया ।

(B) अपने अड़तीस साल के लम्बे शासन काल में उसने नागरिक प्रशासन के क्षेत्र में कई प्रयोग किये ।

(C) सैयद सुल्तानों से विरासत में पाई गई दिल्ली सल्तनत की प्रशासनिक संस्थाओं को बनाए रखा ।

(D) बहलोली सिक्के का चलन दिल्ली सल्तनत के मुद्रा शास्त्रीय इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण उपक्रम माना जाता है ।

**36.** निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?

(A) क़स्बा – छोटा नगर

(B) इजारा – खेती रहित भूमि

(C) श्रॉफ – मुद्रा विनिमय कर्ता

(D) ज़िम्मी – संरक्षित ग़ैर-मुसलमान

**37.** निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?

(A) एस. अरसरत्नम – *मेरिटाइम इण्डिया इन दी सेवेन्टीन्थ सेन्चुरी*

(B) ओम प्रकाश – *दी डच ईस्ट इण्डिया कम्पनी एण्ड दी इकोनोमी ऑफ बंगाल*

(C) के.एन. चौधुरी – *इण्डियन मर्चेन्ट्स एण्ड यूरेशियन ट्रेड*

(D) के.एस. मैथ्यू – *पोर्तुगीज़ ट्रेड विद इण्डिया इन दी सिक्सटीन्थ सेन्चुरी*

**38.** बाबर की नानी जो युनूस ख़ान मुग़ल की पत्नी थी और जिन्होंने बाबर के पिता की मृत्यु के पश्चात् अपने पोते के लिए हर तरह का प्रबन्ध किया और षड़यन्त्रकारियों को दबाया, उनका नाम बताइए ।

(A) क़ुतलुग़ निग़ार बेगम (B) इसान दौलत बेगम

(C) दिलदार बेगम (D) मुबारिका बेगम

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Sher Shah's administration had fallen into confusion after the death of Islam Shah.

**Reason (R) :** Akbar adopted Sher Shah's land revenue system with modifications.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ? Select the correct answer from the codes given below.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**40.** Which one of the following statements is not correct concerning Mughal paintings ?

(A) Akbar created a new and vibrant school, by establishing a large atelier that undertook the illustration of the *Hamzanama* in the 1560s.

(B) For illustration of a number of manuscripts throughout Akbar's reign, painters were recruited from various parts of India.

(C) The emphasis on realism in portraiture seems to have emanated from Akbar himself almost from the beginning.

(D) Features of Renaissance painting did not influence Mughal art at all under Akbar.

**41.** Who among the following Europeans has written about the state of education of Mughal princes and princesses during Akbar's period ?

(A) Edward Terry
(B) Thevenot
(C) Coryat
(D) Father Monserrate

**42.** Who among the following Mughal emperors, after his recovery from illness wore pearl earring as a token of thanks to the Sufi Saint Khwaja Moin-ud-din Chisti ?

(A) Humayun
(B) Akbar
(C) Jahangir
(D) Shah Jahan

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) है और दूसरा तर्क (R) है :

**अभिकथन (A) :** इस्लाम शाह की मृत्यु के बाद शेरशाह द्वारा स्थापित शासन व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई थी ।

**तर्क (R) :** अकबर ने शेरशाह द्वारा स्थापित भू-राजस्व व्यवस्था को कुछ संशोधनों सहित अपनाया ।

उपर्युक्त दो कथनों के प्रसंग में निम्नलिखित में से कौन सही है ? नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

**40.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन मुग़ल चित्रकारी के सम्बन्ध में सही नहीं है ?

(A) अकबर ने एक बड़ी चित्रशाला स्थापित करके एक नये और जीवंत स्कूल का निर्माण किया, जिसने 1560 के दशक में हम्ज़ानामा का चित्रनिरूपण किया ।

(B) अकबर के पूरे शासन काल के दौरान कई पुस्तकों के चित्रनिरूपण के लिए भारत के विभिन्न भागों से चित्रकारों की भर्ती की जाती थी ।

(C) ऐसा प्रतीत होता है कि अकबर का शासन काल आरम्भ होते ही चित्रण में यथार्थवाद पर बल दिया जाने लगा ।

(D) पुनर्जागरण कालीन चित्रकला की विशेषताओं ने अकबर के शासन काल में मुग़ल कला को बिलकुल भी प्रभावित नहीं किया ।

**41.** निम्नलिखित में से किस यूरोपीय ने अकबर काल में मुग़ल शाहजादों और शाहजादियों की शिक्षा की स्थिति के बारे में लिखा है ?

(A) एडवर्ड टेरी
(B) थेवनोट
(C) कोरियट
(D) फादर मोनसरेट

**42.** निम्नलिखित मुग़ल शासकों में से किसने बीमारी से ठीक हो जाने के पश्चात् सूफी संत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती को धन्यवाद देने स्वरूप अपने कान में बुंदा पहना ?

(A) हुमायूँ
(B) अकबर
(C) जहाँगीर
(D) शाहजहाँ

Prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** Who among the following said about his father's rule that; "In Persia there is room for Shias only, and in Turkey and Turan there is room for Sunnis only. While in India, Sunnis and Shias met in one mosque and Francis and Jews in one Church and observed their own forms of worship." ?

(A) Humayun (B) Jahangir
(C) Shah Jahan (D) Aurangzeb

**44.** Features of altamgha jagir introduced by Jahangir were similar to

(A) Watan jagir (B) Tankhwah jagir
(C) Mashrut jagir (D) Paibaqi land

**45.** Who constructed in Delhi, a mosque – the Khayr-ul manazil, opposite Purana Qila ?

(A) Hamida Bano Begum (B) Salima Begum
(C) Jiji Anaga (D) Maham Anaga

**46.** Dastur circles were drawn for the purpose of fixing :

(A) Prices (B) Ranks
(C) Revenues (D) None of the above

**47.** Hun, a coin in circulation during the medieval period was made out of :

(A) Copper (B) Brass
(C) Silver (D) Gold

**48.** Khalsa, the 'society of the pure', was founded in

(A) 1605 (B) 1627
(C) 1699 (D) 1707

**49.** The Maratha claim of revenue for protection is called

(A) Sardeshmukhi (B) Chauth
(C) Abwab (D) Jama

**50.** 'Mujannas', 'Turki', 'Tazi' and 'Janglah' were the breeds of

(A) Elephants (B) Camels
(C) Horses (D) None of the above

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** निम्नलिखित में से किसने अपने पिता के शासन के बारे में कहा, "ईरान सिर्फ शियाओं के लिए और तुर्की एवं तुरान सिर्फ सुन्नियों के लिए है, जबकि भारत में सुन्नी और शिया एक मस्जिद में तथा ईसाई एवं यहूदी एक चर्च में इकट्ठे होकर पूजा करते हैं ।" ?

(A) हुमायूँ (B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ (D) औरंगज़ेब

**44.** जहाँगीर द्वारा शुरू की गई अल्तमग़ा जागीर के अभिलक्षण किससे मिलते जुलते थे ?

(A) वतन जागीर (B) तन्ख्वाह जागीर

(C) मशरूत जागीर (D) पैबाक़ी भूमि

**45.** पुराने क़िले के सामने दिल्ली में ख़ैरूल मंज़िल नाम की मस्जिद का निर्माण किसने करवाया था ?

(A) हमीदा बानो बेगम (B) सलीमा बेगम

(C) जीजी अंगा (D) माहम अंगा

**46.** दस्तूर सर्किल निम्नलिखित में से किसके निर्धारण के लिए तैयार किया गया था ?

(A) कीमतों के (B) ओहदा के

(C) राजस्व के (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**47.** मध्यकाल में प्रचलित सिक्का हूण किस धातु से बनाया गया था ?

(A) ताँबा (B) पीतल

(C) चाँदी (D) सोना

**48.** खालसा, 'दी सोसायटी ऑफ दी प्योर' की स्थापना की गई थी

(A) 1605 में (B) 1627 में

(C) 1699 में (D) 1707 में

**49.** सुरक्षा के लिए मराठों के राजस्व के दावे को कहते हैं

(A) सरदेशमुखी (B) चौथ

(C) अबवाब (D) जमा

**50.** 'मुजन्नस', 'तुर्की', 'ताज़ी' तथा 'जांगला' किसकी नस्ले हैं ?

(A) हाथी (B) ऊँट

(C) घोड़े (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below :

| List – I (Event) | List – II (Person) |
|---|---|
| a. Hindu Widow's Remarriage Act | i. Dr. Atmaram |
| b. Abolition of Slavery | ii. Lord Dalhousie |
| c. The Prarthana Samaj | iii. Lord Ellenborough |
| d. The Satya Shodhak Samaj | iv. Jyotiba Phule |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | iv | ii | i | iii |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**52.** Which of the following was not the cause of the Indian Revolt of 1857 ?

(A) The Indian soldiers were to serve both in India and outside.

(B) The introduction of the Enfield Rifles.

(C) Great disparity between the Indian and the English soldiers.

(D) The desire of all Indians to shake off the colonial yoke.

**53.** Match the following columns :

| List – I (Institutions) | List – II (Founders) |
|---|---|
| a. Hindu College | 1. Sir Syed Ahmad Khan |
| b. M.A.O. College | 2. Jonathan Duncan |
| c. Sanskrit College | 3. Jyotiba Phule |
| d. Bethune College | 4. David Hare |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा निम्नलिखित दिए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (घटना)** | **सूची – II (व्यक्ति)** |
|---|---|
| a. हिन्दू विडोज़ रिमैरिज एक्ट | i. डॉक्टर आत्माराम |
| b. दासता की समाप्ति | ii. लॉर्ड डलहौजी |
| c. प्रार्थना समाज | iii. लॉर्ड एलिनबरो |
| d. सत्यशोधक समाज | iv. ज्योतिबा फूले |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | iv | ii | i | iii |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**52.** निम्नलिखित में 1857 ई. के भारतीय विद्रोह का कारण क्या नहीं था ?

(A) भारतीय सैनिकों को भारत तथा विदेश में काम करना था ।

(B) एनफील्ड राइफलों का आरम्भ करना ।

(C) भारतीय तथा अंग्रेजी सैनिकों में बहुत असमानता ।

(D) सभी भारतीयों की औपनिवेशिक युग से छुटकारा पाने की इच्छा ।

**53.** निम्नलिखित स्तम्भों को सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I (संस्थायें)** | **सूची-II (संस्थापक)** |
|---|---|
| a. हिन्दू कॉलेज | 1. सर सैय्यद अहमद खान |
| b. एम.ए.ओ. कॉलेज | 2. जोनेथन डंकन |
| c. संस्कृत कॉलेज | 3. ज्योतिबा फूले |
| d. बेथ्यून कॉलेज | 4. डेविड हेयर |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**54.** Which was not a constituent of the economic drain of wealth from India to Britain ?

(A) Home charges

(B) Dividend to the shareholders of the East India Company

(C) Civil and Military charges

(D) Divide and Rule

**55.** Eka Movement was started by the

(A) Peasants of Hardoi, Barabanki etc.

(B) Zamindars of Oudh

(C) Revolutionaries of Bengal

(D) Peasants of Maharashtra

**56.** The theory of 'Sub-contractors' as an explanation for Gandhi's political mobilization is attributed to whom ?

(A) Anil Seal (B) Morris D. Morris

(C) Judith Brown (D) Ranjit Guha

**57.** Consider the following events :

1. Cripps Mission 2. Quit India Movement

3. Nehru Report 4. Wavell Plan

The correct chronological order of these events is

(A) 3, 1, 2, 4 (B) 4, 2, 1, 3

(C) 3, 4, 2, 1 (D) 2, 3, 4, 1

**58.** During 1937-39 the Congress Ministry in Madras was headed by

(A) Subramaniam Bharti (B) T. Prakasham

(C) C. Rajgopalachari (D) C.P. Ramaswami Iyer

**59.** Maulana Abdul Bari belonged to the

(A) Aligarh School (B) Deoband School

(C) Nadwatul Ulema (D) Firangi Mahal

**54.** इनमें से क्या भारत से ब्रिटेन को जाने वाली आर्थिक (धन सम्पदा) निकासी का एक घटक नहीं था ?

(A) घरेलू व्यय

(B) ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शेयरधारकों को दिया जाने वाला लाभांश

(C) नागरिक और सैनिक व्यय

(D) बाँटों और शासन करो

**55.** एका आन्दोलन का प्रारम्भ किया था

(A) हरदोई, बाराबंकी आदि के किसानों ने

(B) अवध के ज़मीनदारों ने

(C) बंगाल के क्रांतिकारीयों ने

(D) महाराष्ट्र के किसानों ने

**56.** गाँधी के राजनैतिक संगठन में 'उप-ठेकेदारों' का उपयोग करने की व्याख्या का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) अनिल सील

(B) मॉरिस डी मॉरिस

(C) ज्यूडिथ ब्राउन

(D) रंजीत गुहा

**57.** निम्नलिखित घटनाओं पर विचार करें :

1. क्रिप्स मिशन

2. भारत छोड़ो आन्दोलन

3. नेहरू रिपोर्ट

4. वैवेल प्लान

इन घटनाओं का सही क्रम है :

(A) 3, 1, 2, 4

(B) 4, 2, 1, 3

(C) 3, 4, 2, 1

(D) 2, 3, 4, 1

**58.** 1937-39 में मद्रास में कांग्रेस मंत्रीमण्डल का नेतृत्व किया था

(A) सुब्रामनियम भारती

(B) टी. प्रकाशम

(C) सी. राजगोपालाचारी

(D) सी.पी. रामास्वामी अय्यर

**59.** मौलाना अब्दुल बारी का सम्बन्ध था

(A) अलीगढ़ स्कूल

(B) देवबन्द स्कूल

(C) नदवतुल उलेमा

(D) फिरंगी महल

Prepp
Your Personal Exams Guide

**60.** 'Greatest good of the greatest number' was the principle of which group of thinkers ?

(A) Utilitarian (B) Socialists

(C) Liberals (D) Conservatives

**61.** Gandhi's intervention in the Ahmedabad Mill Strike in 1917 led to the enhancement of wages for the workers by

(A) 25 % (B) 35 %

(C) 45 % (D) 55 %

**62.** Who acted on 'the theory that the annexation of Sind would be a very beneficent piece of rascality …. a robbery to be plausibly effected ?

(A) Lord Auckland (B) Sir Charles Napier

(C) Sir John Keane (D) Major James Outram

**63.** Who said that the Shimla Deputation (1907) had been stage managed by the British and was no more than a 'command performance' ?

(A) Abul Kalam Azad (B) Mohammad Ali

(C) Hasrat Mohani (D) Syed Amir Ali

**64.** What was not a part of the Mountbatten Plan ?

(A) It gave the Indian States the right to decide their future.

(B) It proposed India's partition.

(C) It was not specific about the date of India's partition.

(D) It was accepted by the Congress and the Muslim League.

**65.** Who wrote that 'Man is born free but everywhere he is in chains' ?

(A) Montesquieu (B) Voltaire

(C) Diderot (D) Rousseau

**66.** Name the policy adopted by the United States of America to meet the economic crisis caused by the Great Depression of 1929.

(A) Open Door (B) Marshall Plan

(C) Protectionism (D) New Deal

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**60.** 'सर्वाधिक संख्याओं का सर्वाधिक लाभ' का सिद्धांत किस ग्रुप के विचारकों का था ?

(A) उपयोगितावादी (B) समाजवादी

(C) उदारवादी (D) रूढ़िवादी

**61.** महात्मा गांधी के हस्तक्षेप के कारण 1917 की अहमदाबाद मिल की हड़ताल में मज़दूरों की मज़दूरी में वृद्धि हो गई

(A) 25 % (B) 35 %

(C) 45 % (D) 55 %

**62.** किसने कार्यवाही इस 'सिद्धान्त पर की कि सिन्ध का सहमेलन एक बहुत लाभकारी शैतानी .... एक सम्भावित डकैती अमल में होगी' ?

(A) लॉर्ड ऑकलैण्ड (B) सर चार्ल्स नेपियर

(C) सर जॉन कीन (D) मेजर जेम्स आउट्रम

**63.** किसने कहा कि शिमला शिष्टमण्डल (1907) ब्रिटिश द्वारा संचालित और किसी भी प्रकार से 'फरमाइशी (आदेशित) प्रदर्शन' से अधिक नहीं था ?

(A) अबुल कलाम आज़ाद (B) मुहम्मद अली

(C) हसरत मोहानी (D) सैय्यद अमीर अली

**64.** क्या माउंटबैटन योजना का हिस्सा नहीं था ?

(A) इसने भारतीय राज्यों को अपना भविष्य चुनने का अधिकार दिया ।

(B) इसने भारत के विभाजन का सुझाव दिया ।

(C) यह भारत के विभाजन की तिथि के बारे में सुस्पष्ट नहीं था ।

(D) इसे कॉंग्रेस तथा मुस्लिम लीग ने स्वीकार कर लिया ।

**65.** किसने लिखा कि 'मनुष्य स्वतन्त्र पैदा हुआ किन्तु हर जगह वह जंजीरों में बँधा हुआ है' ?

(A) मॉन्टेस्क्यू (B) वाल्टेयर

(C) दिदेरो (D) रूसो

**66.** उस नीति का नाम लिखें जो संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1929 के ग्रेट डिप्रेशन द्वारा उत्पन्न आर्थिक संकट का सामना करने के लिए अपनाई ।

(A) खुला द्वार (B) मार्शल प्लान

(C) संरक्षणवाद (D) न्यू डील

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**67.** Who was the recognized leader of Utilitarianism ?

(A) Adam Smith (B) Jeremy Bentham

(C) Friedrich Engels (D) Edmund Burke

**68.** Match List – I and List – II and choose the correct answer from the codes given below the lists :

| **List – I (Person)** | **List – II (Events)** |
|---|---|
| a. Ishwar Chandra Vidyasagar | 1. Parliament of Religions at Chicago in 1893. |
| b. Malabari | 2. Age of Consent Bill 1891 |
| c. Swami Vivekanand | 3. Got the Hindu widows remarriage legalised in 1856 |
| d. Ranade | 4. Inspired the foundation of the Deccan Educational Society in 1884 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

Prepp Your Personal Exams Guide

**69.** Which Viceroy was stabbed to death by a convict in Andaman Islands ?

(A) Elgin (B) Lytton

(C) Mayo (D) Ripon

**70.** Which of the following was not a part of the Government of India Act, 1935 ?

(A) The Provincial Autonomy

(B) Appointment of an Indian as a Governor

(C) The All India Federation

(D) Reserve Bank of India

Prepp
Your Personal Exams Guide

**67.** उपयोगितावाद का मान्य अग्रणी नेता कौन था ?

(A) एडम स्मिथ
(B) जेरेमी बेन्थम
(C) फ्रेडरिच ऐंजिल्स
(D) एडमण्ड बर्क

**68.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (व्यक्ति)** | **सूची – II (घटनायें)** |
|---|---|
| a. ईश्वर चन्द्र विद्यासागर | 1. शिकागों में 1893 की धर्मों की संसद |
| b. मालाबारी | 2. 1891 का एज ऑफ कन्सेन्ट बिल |
| c. स्वामी विवेकानन्द | 3. 1856 के हिन्दू विधवा पुनर्विवाह को कानूनी आधार प्रदान कराना |
| d. रानाडे | 4. 1884 में डेकेन एजुकेशनल सोसायटी की स्थापना को प्रोत्साहित किया |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**69.** किस वायसराय की एक अभियुक्त ने अण्डमान द्वीपों में छुरा मारकर हत्या कर दी थी ?

(A) एल्गिन
(B) लिटन
(C) मेयो
(D) रिपन

**70.** निम्नलिखित में कौन भारत सरकार के 1935 ई. के अधिनियम (गवर्मेन्ट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935) का अंग नहीं था ?

(A) प्रान्तीय स्वाधीनता
(B) एक भारतीय को गवर्नर नियुक्त करना
(C) अखिल भारतीय संघ
(D) भारतीय रिजर्व बैंक

**71.** The journal, *Review of Historical Synthesis*, which focuses on the synthesis of all activities of man in society was founded in 1900 by

(A) Lucien Febvre
(B) March Block
(C) Henri Berr
(D) Fernand Braudel

**72.** Who has argued that de-industrialization did <u>not</u> take place in India during the colonial period ?

(A) Amiyo Baghchi
(B) Bipan Chandra
(C) Morris D. Morris
(D) Jawaharlal Nehru

**73.** The chief grievance of the peasants in the Champaran Satyagraha was about the :

(A) Abwabs & illegal cesses
(B) Land revenue demand
(C) Tinkathia system
(D) Exploitation by the money-lenders

**74.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** The Congress leaders accepted the proposal of India's partition, at last.

**Reason (R) :** They felt convinced that this was the only suitable solution left.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is correct.

**75.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** The Indians outnumbered the Europeans in civil services examinations within 20 years of its starting in India.

**Reason (R) :** The Indians showed that the Europeans were no match to them.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is correct.

**71.** 'रिव्यू ऑफ हिस्टोरिकल सिंथेसिस' नामक पत्रिका, जो मनुष्य की समाज में समस्त गतिविधियों के संकलन पर केन्द्रित है, की 1900 ई. में किसने स्थापना की थी ?

(A) लूसियन फाबरे
(B) मार्क ब्लॉक
(C) हेनरी बैर
(D) फरनेन्ड ब्राडेल

**72.** किसने तर्क किया कि औपनिवेशिक काल में भारतीय उद्योगों का विकेन्द्रीकरण नहीं हुआ था ?

(A) अमियो बाग़ची
(B) बिपन चन्द्र
(C) मारिस डी मारिस
(D) जवाहरलाल नेहरू

**73.** किसानों की चम्पारन सत्याग्रह में प्रमुख शिकायत किसके बारे में थी ?

(A) ग़ैरकानूनी करों और अबवाबों के विरुद्ध
(B) भूराजस्व की माँग
(C) तिनकठिया व्यवस्था
(D) उधार पर धन देने वालों द्वारा शोषण

**74.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन (A) :** अन्त में काँग्रेस के नेताओं ने भारत के विभाजन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया ।

**कारण (R) :** वे आश्वस्त हो गए कि यही एकमात्र उपयुक्त समाधान बचा था ।

उपर्यक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**75.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन (A) :** भारत में सिविल सर्विसिज परीक्षाएँ शुरू होने के बीस वर्षों में भारतीय, यूरोपियनों से संख्या में बढ़ गये ।

**कारण (R) :** भारतीयों ने यह दिखा दिया कि यूरोपियन उनके बराबर नहीं हैं ।

उपर्युक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा एक सही है ?

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

Prepp Your Personal Exam Guide